होली खेलेंगे जम के श्याम तेरे दीवाने | By Sudhir Singha

होली में होली में होली में बरसाने की होली में

होली खेलेंगे जमके जमके श्याम तेरे दीवाने
तुम आ जाना हो आये धूम मचाने नाचने और गाने
तुम आ जाना तुम आ जाना
तुम आ जाना कन्हैया एक बार मिलन को मन तरसे
रंग बरसे बरसे बरसे मिलन को मन तरसे

होली में होली में होली में बरसाने की होली में

फुल गुलाल और भर पिचकारी
आये करके सब तैयारी
अपने रंग में रंगने हमको
आ जाओ ना कृष्ण मुरारी
देर भई अब नंदलाला राह तके तेरी कबसे
रंग बरसे बरसे बरसे मिलन को मन तरसे
तुम आ जाना कन्हैया एक बार मिलन को मन तरसे
रंग बरसे बरसे बरसे मिलन को मन तरसे

होली में होली में होली में बरसाने की होली में

मस्त महीना फागुन आया
रंगो का मौसम है लाया
रंग उड़ाने धूम मचाने
बरसाने में मोहन आया
भागे दौड़े ब्रिज की बाला
मोहन तेरे डर से
रंग बरसे बरसे बरसे मिलन को मन तरसे
तुम आ जाना कन्हैया एक बार मिलन को मन तरसे
रंग बरसे बरसे बरसे मिलन को मन तरसे

होली में होली में होली में बरसाने की होली में

बरसाने में धूम मचा दो
अपने संग में सबको नचा दो
सब रंग जाएँ प्रेम के रंग में
प्रेम की ऐसी बंसी बजा दो
विजयराज है किस्मत वाला
जो रंगा तेरे रंग से
रंग बरसे बरसे बरसे मिलन को मन तरसे
तुम आ जाना कन्हैया एक बार मिलन को मन तरसे
रंग बरसे बरसे बरसे मिलन को मन तरसे

होली में होली में होली में बरसाने की होली में

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%96%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a4%ae-

%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4/